**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 33.5 डि.से. | 33.5 डि.से. | 33.3 डि.से. | 34.5 डि.से. |
| न्यूनतम | 21.4 डि.से. | 21.4 डि.से. | 19.1 डि.से. | 21.0 डि.से. |



# चिड़ियाघर में शेर के बाड़े में कूदा युवक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

चिड़ियाघर में गुरुवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी फैल गई, जब एक युवक आठ फुट गहरे शेर के बाड़े में कूद गया। वहां मौजूद पर्यटकों ने घटना के तुरंत बाद शोर मचाना शुरू कर दिया और युवक को बाहर आने के लिए कहने लगे। शोर-शराबा सुनकर चिड़ियाघर में तैनात सुरक्षाकर्मी बाड़े के पास पहुंचे और इसकी जानकारी चिड़ियाघर प्रशासन को दी। सूचना मिलने पर कर्मचारियों ने शेर को बेहोश कर युवक को सकुशल बाहर निकाला।

युवक की पहचान पूर्वी चंपारण, बिहार निवासी रेहान खान (21) के तौर पर हुई है। फिलहाल युवक दिल्ली के सीलमपुर में रह रहा था। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर पता चला है कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। उपायुक्त ने बताया कि निजामुद्दीन थाने की पुलिस युवक को एम्स ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां से बाद में डॉक्टरों ने रेहान को शाहदरा स्थित इबहास सेंटर भेज दिया है। शेर का नाम सुंदरम है जिसकी उम्र 10 साल है।



रेहान को शेर के बाड़े से सकुशल निकाला गया।

चिड़ियाघर के प्रवक्ता रियाज अहमद खान ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12 बजकर 30 मिनट की है। सूचना मिलने के बाद युवक को बचाने के क्रम में सबसे पहले शेर का ध्यान भटका कर उसे बाड़े के दूसरे हिस्से में पहुंचाया गया। इसके बाद शेर को बेहोश किया गया। चिड़ियाघर के क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाल लिया। इस दौरान रेहान तकरीबन 15 मिनट तक बाड़े के अंदर रहा। उन्होंने बताया कि युवक ने चिड़ियाघर के स्टाफ से रेहान कह रहा था कि वह यहां पर मरने के लिए आया है। प्रवक्ता ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद क्यूआरटी के सभी स्टाफ बचाव कार्य में जुट गए। इस बीच दिल्ली दमकल विभाग के कर्मचारी भी पहुंच गए थे और वे भी बचाव कार्य में जुटे रहे, जब तक युवक को बाहर नहीं निकला गया।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि वह कुछ दिनों पहले ही बिहार से आया था। वह गुरुवार को चिड़ियाघर घूमने के लिए गया था। चिड़ियाघर के अंदर एक तरफ लोहे की ग्रिल थी और दूसरी तरफ बांस की लकड़ी का बाड़ा बनाया हुआ है। रेहान बांस की लकड़ी के बाड़े पर चढ़ गया और फिर अंदर घुस गया। उसके मामा शम्स खान ने बताया कि युवक सुबह घर से बाहर निकला था। उन्होंने बताया कि वह मानसिक तौर पर बीमार है। इस बीच वहां मौजूद पर्यटकों ने वीडियो भी बनाया। ये लोग युवक से बाहर आने की अपील कर रहे हैं। बावजूद इसके युवक शेर के पास जा रहा है और उसके पास बैठ कर पोज दे रहा है। साल 2014 में युवक बाघ के बाड़े में कूद गया था, जो बाघ का शिकार हो गया था। काफी मशक्कत करने के बाद चिड़ियाघर प्रशासन युवक बचाने में सफल नहीं हो पाया था।

# अगले सप्ताह से आम्रपाली फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अक्तूबर।

- आगामी सप्ताह से करीब 900 फ्लैटों की रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू होगी
- कोर्ट ने आम्रपाली को रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू करने के दिए हैं निर्देश

आम्रपाली परियोजनाओं के लिए कोर्ट रिसीवर ने नोएडा प्राधिकरण को अगले सप्ताह से सेक्टर-45 स्थित सैफायर-1 में सत्यापित फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही त्रिपक्षीय पट्टा विलेख निष्पादन के प्रारूप को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस काम के लिए एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि आगामी सप्ताह से करीब 900 फ्लैटों की रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

23 जुलाई 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली हाउसिंग परियोजनाों को नियंत्रित करने, तैयार फ्लैटों के पंजीकरण, खरीदारों से रुपए स्वीकार करने, बगैर बिके फ्लैट बेचने और राज्य के स्वामित्व वाली एनबीसीसी बोर्ड के आम्रपाली से संबंधित कार्यों के लिए रिसीवर नियुक्त किया था। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निष्पादित करने के लिए एक महीने का समय दिया था। जिसे बाद में तीन महीने तक बढ़ा दिया था क्योंकि फ्लैटों की बिक्री से संबंधित दस्तावेजों को सत्यापित करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता बताई गई थी। फिलहाल प्राधिकरण आम्रपाली बिल्डर की विभिन्न परियोजनाओं के फ्लैट खरीदारों के दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है।

सत्यापन के बाद दस्तावेज प्रमाणित किए जा रहे हैं, ताकि पंजीकरण शुरू हो सके। पहले चरण में आम्रपाली सैफायर- प्रथम में फ्लैट सत्यापन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस दौरान नौ अपार्टमेंट के दस्तावेजों को सत्यापित किया गया। इस बीच, राज्य के स्वामित्व वाली एनबीसीसी ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को संशोधित करना शुरू कर दिया है। ताकि वह नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी 15 आवास परियोजना और आम्रपाली की एक वाणिज्यिक परियोजना में निर्माण का काम शुरू कर सके। सत्यापन प्रक्रिया की नोएडा में शुरूआत सैफायर- प्रथम से की गई। उसके बाद क्रमवार सैफायर- 2, इडेन पार्क, प्लेटिनम व टाइटेनियम, जोडिएक, प्रिंसले स्टेट, सिलिकॉन सिटी फेज-1 के फ्लैट खरीदारों का सत्यापन किया जाए। ग्रेटर नोएडा में क्रमवार क्रिस्टल, ग्रांड, लेजर वैली परियोजना के फ्लैट खरीदारों का सत्यापन होगा।

## खबरों में शहर

### आज से शुरू होगा 'हेल्थ मेला'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

परफेक्ट हेल्थ मेला शुक्रवार को शुरू होगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन इसका उद्घाटन करेंगे। हार्ट केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया व सरकार के तमाम विभागों के सहयोग से होने वाले इस मेले में स्वास्थ्य की जटिल बारीकियों को खेल खेल में या मनोरंजन के दूसरे माध्यमों से समझाया जाएगा। फिट इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाते हुए इस मेले में बीमारियों से बचाव व उसके रोकथाम के उपाय तो किए ही जाएंगे। मरीजों के स्वास्थ्य की जांच व इलाज की तमाम पद्धतियों से इलाज के तमाम विकल्प भी मुहैया कराए जाएंगे। यह जानकारी फाउंडेशन के मुखिया डा केके अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों में तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्वास्थ्य जागरुकता फैलाई जाएगी। मेले में स्वास्थ्य प्रदर्शनी भी लगेगी।

### दफ्तर का समय बदलने पर चल रही है बात

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

सम-विषम योजना के दौरान दिल्ली में दफ्तर का व्यस्तम समय सुबह 9 से शुरू होता और शाम में यह 6 से 9 बजे तक होता है। इस समय में बदलाव के लिए भी दिल्ली सरकार अध्ययन कर रही है। मुख्यंत्री ने बताया कि इस अध्ययन के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही कार्य समय में बदलाव के संबंध में फैसला लिया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनता से अपील की है कि दिल्ली में सम-विषम को सफल बनाने के लिए कार पूलिंग को बढ़ावा दें। अगर संभव है तो दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ एक ही कार से आएं जाएं। इससे भी प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी और रिश्तों को सुधारा जा सकेगा।

### मेहंदी लगवाने के दौरान गायब हुई महिला के हाथ से अंगूठी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अक्तूबर।

सेक्टर- 41 के बाजार में बुधवार रात मेहंदी लगाने वाले युवक ने महिला के हाथ से सोने की अंगूठी चोरी कर ली। आरोपी ने मेहंदी लगाने के दौरान वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार सुबह जब महिला ने अपने वॉट्सएप पर मेहंदी लगे हाथ की फोटो देखी, तो उसमें उंगली से अंगूठी गायब थी। उसके बाद महिला को घटना का पता चला। महिला ने थाना सेक्टर-39 में मेहंदी लगाने वाले के खिलाफ शिकायत दी है। एसएचओ के मुताबिक आरोपी के एक साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### जेनरेटर की बॉडी में 90 पेटी शराब रख कर रहे थे तस्करी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अक्तूबर।

सेक्टर-10 लालबत्ती के पास बुधवार देर रात पुलिस ने गाड़ी में रखे जेनरेटर की बॉडी के अंदर अवैध रूप से शराब ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार किए हैं। आरोपी अवैध रूप से शराब को बिहार में कालाबाजारी के लिए ले जा रहे थे। गुरुवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

थाना सेक्टर-24 के एसओ रामफल सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे गश्त के दौरान पुलिस को दो शराब तस्करों के दिल्ली से गाड़ी लेकर आने की जानकारी मिली। जानकारी के आधार पर पुलिस ने सेक्टर-10 की लालबत्ती के पास पहुंचकर ट्रक को रुकवाया। उस ट्रक में दो जेनरेटर की बॉडी रखी हुई थी।

# मेट्रो स्टेशन के पास पत्रकार का मोबाइल फोन झपटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाना क्षेत्र में मेट्रो स्टेशन के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने एक दैनिक अखबार के पत्रकार का फोन झपट लिया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित का नाम शेखर सिंह (32) है। पुलिस ने शेखर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

पीड़ित पत्रकार शेखर सिंह ने बताया कि वह परिवार के साथ मैदान गढ़ी, छतरपुर में रहते हैं। वह एक अंग्रेजी दैनिक अखबार में पत्रकार हैं। बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने घर लौट रहा थे। जैसे ही वह न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे। इस बीच उनके जानकार का फोन आया। वह फोन पर बात कर रहे थे उसी दौरान मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनका फोन झपट लिया और मौके से फरार हो गए।

# पुलिस से मुठभेड़ के दो अलग मामलों में दो बदमाश गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

द्वारका में गुरुवार सुबह हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने कुख्यात बदमाश प्रिंस तेवतिया (29) को पकड़ा है। हालांकि इस दौरान अलवर, राजस्थान निवासी बदमाश प्रमोद पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। प्रिंस की निशानदेही पर पुलिस ने दो पिस्तौल, कारतूस और खोखे जब्त किए हैं। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच 13 राउंड गोलियां चलीं।

स्पेशल सेल के उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि आंबेडकर नगर थाने का घोषित बदमाश द्वारका में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के आधार पुलिस की एक टीम द्वारका पहुंची। इसी बीच पुलिस टीम की नजर द्वारका मोड़ के पास एक संदिग्ध कार पर पड़ी। टीम ने कार की पीछा करना शुरू किया। इसी बीच बदमाश कार से बाहर निकलकर भागने की कोशिश करने लगे। बदमाशों को जब लगा कि वे पकड़े जाएंगे तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली प्रिंस के पैर में जा लगी। हालांकि इस बीच मौका देख दूसरा आरोपी प्रमोद फरार हो गया। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में छापामारी कर रही है।

प्रिंस तेवतिया के खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश के अलावा अन्य अपराधिक मामले कई थानों में दर्ज हैं। प्रमोद के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं।

### झपटमारी और लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

स्पेशल सेल ने बुधवार देर रात को रोहिणी में हुई मुठभेड़ के बाद राज कुमार उर्फ रावण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक पिस्तौल, कारतूस और खोखे जब्त किए हैं। आरोपी पर झपटमारी और लूटपाट के कई मामले दर्ज हैं। प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी राज कुमार उर्फ रावण रोहिणी सेक्टर 11-24 के गंदा नाला के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर एक टीम गठित की गई। टीम ने रात करीब साढ़े नौ बजे स्कूटी सवार रावण को रुकने का इशारा किया पर आरोपी नहीं रुका। टीम ने जब उसका पीछा करना शुरू किया तो उसने गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली पुलिसकर्मी के बुलेटप्रूफ जैकेट पर जा लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली उसके पैर में लग गई। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पास के आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया। उपायुक्त ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर एक स्कूटी और झपटी गई चेन जब्त की गई हैं।

# देशभर के सात लाख युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

प्रशिक्षण पखवाड़े के सफल आयोजन के बाद सात लाख युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुल गए हैं। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में यह जानकारी सामने आई है। युवाओं के लिए आठ सार्वजनिक उपक्रम के माध्यम से विभिन्न श्रेणी में यह प्रशिक्षण उपलब्ध होगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व कौशल विकास मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम मार्च 2020 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में दिल्ली समेत अन्य राज्यों में प्रशिक्षण के लिए निजी कंपनियों के साथ 22 समझौते किए गए हैं। रोजगार के लिए केंद्र सरकार ने इस पखवाड़े की पहल शुरू की थी। इसके तहत देश के 22 राज्यों में 50 से अधिक कार्यशाला आयोजित की गई। सभी राज्यों के लिए केंद्र सरकार ने 30 सितंबर को इस पखवाड़े की शुरुआत की थी।

# एटीएम से छेड़छाड़ करने वाला पूर्व हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

जनकपुरी थाना पुलिस ने दिल्ली पुलिस के पूर्व हेड कांस्टेबल को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के एटीएम में टैंपरिंग (छेड़छाड़) करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को मुंबई स्थित बैंक के मुख्यालय से आए फोन के आधार पर पकड़ा गया। आरोपी की पहचान पूर्व हेड कांस्टेबल रवि कुमार मीणा (37) के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो लाख रुपए, 61 क्लोन एटीएम कार्ड और सात मोबाइल बरामद किए हैं। इसके अलावा आरोपी के ठिकाने से एक लैपटॉप, 14 पासबुक भी मिली हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी 2004 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुआ था। बाद में उसने आपराधिक दुनिया में कदम रखा। इस कारण साल 2015 में उसने पुलिस की नौकरी छोड़ दी।

पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दीपक पुरोहित ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब पौने बारह बजे जनकपुरी थाने में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के मुख्यालय से पुलिस को फोन आया था, जिसमें बताया गया था कि जनकपुरी डिस्टिक सेंटर के पास एटीएम में एक शख्स जिसने लाल कुर्ता और पेंट पहने हुए है, मशीन से टैंपरिंग कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो वहां एक शख्स बताए हुए हुलिया के मुताबिक मिला। पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पिछले काफी समय से इस धंधे को अंजाम दे रहा था। इंटरनेट पर वीडियो देखकर उसने एटीएम को टैंपरिंग करने का गुर सीखा था।

# म्यांमा से भारत में हेरोइन की तस्करी कर रहे गिरोह का भंडाफोड़ , तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

- पहले असम में लाते थे हेरोइन, दिल्ली-एनसीआर में होती थी आपूर्ति
- गिरफ्तार हुए तस्करों की कार से 25 किलो हेरोइन जब्त

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुरुवार को म्यांमा से पूर्वोत्तर के रास्ते देश के कई राज्यों में हेरोइन की आपूर्ति करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मोहम्मद हशिम (32), मोहम्मद साबिर (33) और नरेश कुमार (49) के तौर पर हुई है। तीनों उत्तर प्रदेश, बाराबंकी जिले के रहने वाले हैं। इन तीनों को लाजपत नगर के पास से दबोचा गया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने 25 किलो हेरोइन जब्त की है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए में कीमत आंकी जा रही है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि गिरोह के सदस्य पहले असम में हेरोइन लाते थे। बाद में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विभिन्न इलाकों में इसकी तस्करी की जाती थी। अभी तक स्पेशल सेल ने 10 बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 600 किलो से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

स्पेशल सेल के उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि तस्कर भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ दिल्ली में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर एसीपी अतर सिंह की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। टीम को लाजपत नगर, बारापुला फ्लाइओवर के पास एक कार पर शक हुआ। पुलिसकर्मियों ने चालक को रुकने का इशारा किया तो वे फरार होने लगे। पर पुलिस ने कार सवार तीनों तस्करों को दबोच लिया। तस्करों ने कार में एक खास जगह बनाई हुई थी, जिसमें 10 किलो हेरोइन को छुपा कर रखा हुआ था। कार की पूरी तरह तलाशी लेने पर पुलिस ने करीब 25 किलो हेरोइन जब्त की।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

मौर्या एन्क्लेव थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक सड़क हादसे में घायल हो गए। घायलों में एक की मौत हो गई। तीनों युवक मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे, तभी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सड़क पर फिसल गई। सूचना मिलने पर पुलिस तीनों को घायल हालत में पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने शिवकांत (27) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दीपक (26) और अमर सिंह (26) का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिवकांत के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है। बताया यह भी जा रहा है कि तीनों शराब के नशे में थे। जानकारी के मुताबिक शिवकांत मुकुंदपुर में परिवार के साथ रहता था। दोनों घायल भी मुकुंदपुर में रहते हैं। शिवकांत रोहिणी स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी करता था। उसके दोस्त भी उसी कंपनी में काम करते हैं। हादसे के समय मोटरसाइकिल शिवकांत चला रहा था, जबकि दीपक और अमर पीछे बैठे हुए थे। मौर्या एन्क्लेव के अंडरपास के पास उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और गिर गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तीनों को सरोज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने शिवकांत को मृत घोषित कर दिया।

# पड़ोसी राज्यों की पराली से बढ़ा दिल्ली का प्रदूषण : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि पड़ोसी राज्यों की पराली से दिल्ली की आबोहवा बिगड़ रही है। पिछले 8-10 माह में दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में था लेकिन पराली के जलने से दिल्ली का वातावरण खराब हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली वालों ने अपना प्रदूषण स्तर 25 फीसद तक कम किया है और प्रदूषण के लिए दिल्ली वालों को दोष देना ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री ने प्रदूषण को लेकर एजंसियों की अलग-अलग रिपोर्ट पर भी सवाल खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आकलन केवल रीयल टाइम सिस्टम की मदद से ही संभव हो सकता है। ऐसा सिस्टम दिल्ली सरकार तैयार कर रही है। यह सिस्टम अप्रैल 2020 तक तैयार होगा। इस सिस्टम के आधार पर हर चार घंटे के आधार पर प्रदूषण का सही आंकड़ा उपलब्ध होगा। इस सिस्टम को तैयार करने के लिए मशीनें आ चुकी हैं और इंडिया गेट के पास ही इसका निगरानी केंद्र तैयार किया जाएगा। इसके अध्ययन का कार्य दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास रहेगा।

उन्होंने कहा कि अब तक भी जिन रिपोर्ट का हवाला देकर प्रदूषण की स्थिति को बताया जा रहा है वह रिपोर्ट 2018 में टेरी के माध्यम से तैयार की गई थी जबकि वातावरण में लगातार बदलाव होते रहे हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि सर्दी में 36 फीसद तक प्रदूषण दिल्ली का है और यह गर्मियों में 26 फीसद तक हो जाता है। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह ही एक एंजसी ने रिपोर्ट की थी कि एक फीसद ही पराली का धुंआ है जबकि दूसरी एंजसी यह प्रदूषण 10 फीसद होने का दावा कर रही है। दोनों में 10 गुना का अंतर है और यह विज्ञान नहीं है।

# 'गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को मिले दो साल की राहत'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर

- अनिल बैजल से मांग की है कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को दो साल के लिए राहत दी जानी चाहिए : गुप्ता

विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल अनिल बैजल से मांग की है कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को दो साल के लिए राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के इन स्कूलों को बंद नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि इसके लिए दिल्ली सरकार को आदेशों की समीक्षा करने के आदेश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने बीते सालों में एक भी नया स्कूल नहीं खोला है जबकि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को पांच सौ नए स्कूल देने का वादा किया था, इसलिए गैर मान्यता प्राप्त स्कूल दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था की जरूरत हैं।

इन स्कूलों को बंद करने का दिल्ली सरकार के पास कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इन स्कूलों में बड़ी संख्या में गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ रहे हैं और उन्हें घर नजदीक ही शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन बच्चों की निर्बाध शिक्षा के लिए स्कूलों को बंद किए जाने के आदेश की पुनः समीक्षा जरूरी है।

## आज के कार्यक्रम

### सभा-संगोष्ठी

**इंडिया हैबीटाट सेंटर** : न्यायिक प्रतिबद्धता विषय पर परिचर्चा, गुलमोहर सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

### विविध

**इंडिया हेबीटाट सेंटर** : संगीत, स्टेन सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

epaper.jansatta.com

# घाटी के घाव

जम्मू-कश्मीर में जन-जीवन सामान्य करने के लिए प्रतिबंध क्या हटने शुरू हुए, चरमपंथी गतिविधियों ने सिर उठाना शुरू कर दिया है। हालांकि इसकी आशंका पहले से थी। खूफिया सूचनाएं मिल रही थीं कि जैसे ही प्रतिबंध हटेंगे, वहां चरमपंथी गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इसीलिए घाटी में कर्फ्यू हटाने और संचार सुविधाओं की बहाली में करीब ढाई महीने लग गए। मगर विपक्षी दल इस बात को लेकर सरकार पर हमलावर थे कि वह घाटी के लोगों के मूलभूत अधिकारों का हनन कर रही है। पाकिस्तान भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाता फिर रहा था कि पूरे जम्मू-कश्मीर को एक जेल में तब्दील कर दिया गया है। वहां के लोगों का दमन हो रहा है। इसे देखते हुए सरकार ने चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध हटाने शुरू कर दिए। फिर वहां ब्लॉक विकास परिषद के चुनाव भी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। अनुमान था कि इस तरह घाटी के लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लौटना शुरू कर देंगे और लोकतंत्र पर उनका भरोसा बढ़ेगा। मगर चरमपंथी संगठन जैसे पहले से तैयार बैठे थे कि मौका मिलते ही वे अपनी साजिशों को अंजाम देंगे। इसी का नतीजा है कि जम्मू-कश्मीर में कठुआ, पुलवामा, शोपियां, पुंछ, अनंतनाग आदि जगहों पर आतंकी सक्रियता बढ़ गई। उन्होंने शोपियां में एक फल बिक्रेता और पुलवामा में एक दिहाड़ी मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी।

घाटी में अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने का विरोध अब नए ढंग से भी सुगबुगाने लगा है। वहां से आने वाली सेबों की खेप में सेबों पर पाकिस्तान के समर्थन और भारत के विरोध में नारे लिखे मिले। उन नारों में आतंकवादियों का समर्थन भी जताया गया था। हालांकि यह सेब किसानों या सामान्य फल विक्रेताओं का विरोध नहीं जान पड़ता। निश्चित रूप से इसके पीछे भी चरमपंथी गुटों का हाथ होगा। वहां सशस्त्र बलों का सख्त पहरा है, आतंकवादियों के लिए किसी बड़ी साजिश को अंजाम देना आसान नहीं है। इसलिए वे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के मकसद से ऐसी हरकतें कर रहे हैं, जो उनकी खीज का पता देती हैं। शायद उन्हें लगता होगा कि इस तरह वे स्थानीय लोगों का समर्थन हासिल कर सकेंगे, पर यह भ्रम ही साबित होगा। मगर उनकी ये हरकतें सरकार और सशत्रबलों के लिए एहतियात बरतने के संकेत तो हैं ही।

जम्मू और लद्दाख संभाग में पहले भी कोई बड़ी चुनौती नहीं थी, सबसे बड़ी चुनौती कश्मीर में थी। वहीं पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की पैठ हो पाती है और वे अशांति फैलाने का प्रयास करते हैं। हालांकि अलगाववादी संगठनों पर नकेल कसी जा चुकी है, विपक्षी राजनीतिक दलों की गतिविधियां भी शिथिल हैं, इसलिए उनके घाटी के आम लोगों को उकसाने की संभावना फिलहाल नहीं दिखती। पर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वहां के युवाओं में एक प्रकार का आक्रोश दबा हुआ है। चरमपंथी और अलगाववादी ताकतों, कट्टरपंथी नेताओं के बहकावे में आकर वे पहले भी आजाद कश्मीर की मांग के साथ सड़कों पर उतरते रहे हैं। इसलिए विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद उनमें आक्रोश और बढ़ा है। वह फूटने का रास्ता तलाश रहा है। उसी को रोकने के प्रयास किए जाने जरूरी हैं। हालांकि सीमा पार से मिल रही मदद रुक जाने से वे अपने पांव नहीं पसार सकते, पर बाहरी मजदूरों, व्यापारियों, अधिकारियों आदि को निशाना बना कर अपना आक्रोश जाहिर करेंगे। अब सरकार और सुरक्षाबलों को इससे पार पाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

# भुखमरी की जकड़

किसी भी देश में आम नागरिकों की सेहत का स्तर यह बताता है कि वहां के विकास कार्यक्रमों में स्वास्थ्य के मुद्दे को कितनी प्राथमिकता मिल सकी है। लोगों की सेहत की स्थिति इस बात पर निर्भर है कि भरपेट और संतुलित भोजन तक उनकी कितनी पहुंच है। इस लिहाज से देखें तो विकास और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ने के तमाम दावों के बीच भारत में अपेक्षित प्रगति संभव नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर जारी हुए ताजा भुखमरी सूचकांक, 2019 के आंकड़ों में भारत की स्थिति काफी चिंताजनक है। दुनिया के एक सौ सत्रह देशों की सूची में भारत को एक सौ दो नंबर पर जगह मिल सकी है। जबकि पड़ोसी देश नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश को इस सूची में बेहतर जगह मिली है। इससे यही पता चलता है कि हमारे यहां बेशक विकास को मुख्यधारा की राजनीति का मुद्दा बनाने में कामयाबी मिली है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रख कर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया। यह बेवजह नहीं है कि नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश भी इस मामले में हमसे बेहतर स्थिति में पहुंच गए, जो अपनी बहुत सारी बुनियादी जरूरतों तक के लिए आमतौर पर भारत या फिर दूसरे देशों पर निर्भर रहते हैं।

यों ऐसे हालात लंबे समय से बने हुए हैं कि एक ओर रखरखाव के पर्याप्त इंतजाम और जरूरतमंदों तक पहुंच के अभाव में भारी पैमाने पर अनाज सड़ कर बर्बाद हो जाता है, दूसरी ओर देश में बड़ी तादाद ऐसे लोगों की है, जिन्हें पेट भरने लायक भोजन नहीं मिल पाता। इस मसले पर एक बार सुप्रीम कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा था कि गोदामों में या उनके बाहर सड़ कर अनाज के बर्बाद होने से अच्छा है कि उसे गरीबों में मुफ्त बांट दिया जाए। लेकिन इस तल्ख रुख के बावजूद न सरकारों का रुख बदला, न इस मसले पर कोई नीतिगत पहलकदमी हुई। आज भी नीतियों और व्यवस्थागत कमियों की वजह से भारी पैमाने पर अनाज की बर्बादी होती है और कहीं बहुत सारे लोगों की थाली में जरूरत भर भी भोजन नहीं पहुंच पाता। अफसोस की बात है कि विकास के ब्योरों में इस समस्या को पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती। यही वजह है कि जब विकास की संपूर्ण तस्वीर का आकलन होता है, तो उसमें हमारा देश काफी पीछे खड़ा दिखता है, जबकि अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अन्य कसौटियों पर अपेक्षया कमजोर माने वाले हमारे कुछ पड़ोसी देशों ने इस मसले पर एक निरंतरता की नीति अपनाई और अपनी स्थिति में सुधार किया।

इसमें कोई शक नहीं कि दावों के मुताबिक सतह पर विकास की चमक दिखती है। लेकिन सच यह है कि देश में होने वाली तरक्की का लाभ मुख्य रूप से एक छोटा तबका ही उठा पा रहा है और बाकी लोग हाशिये के बाहर ही रह जाते हैं। अगर गरीबी और अमीरी के बीच खाई चौड़ी हो रही है तो इसका मुख्य कारण विकास का एक छोटे दायरे में सिमटा होना है। हालांकि देश में भूख और कुपोषण की समस्या से लड़ने के लिए अनेक योजनाएं हैं और समय-समय पर इसके लिए अभियान भी चलाए जाते हैं, लेकिन अगर भुखमरी के सूचकांक में देश की स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ी है तो इससे साफ है कि या तो नीतिगत स्तर पर कोई बड़ी खामी है या फिर इस मसले से पार पाने में राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है।

## कल्पमेधा

कल्पना ज्ञान से अधिक महत्त्वपूर्ण है। ज्ञान तो सीमित है, कल्पना संसार को घेर लेती है।
-अलबर्ट आइंस्टीन

# रोजगार से दूर होती महिलाएं

ऋतु सारस्वत

**भारत में एक तिहाई कंपनियां तो ऐसी हैं जहां कोई भी महिला कार्यरत नहीं है, जबकि इकहत्तर फीसद कंपनियों में महिलाओं की संख्या मात्र दस फीसद से भी कम है। महज चौबीस फीसद कंपनियां ऐसी हैं जहां महिलाओं और पुरुषों को बराबर का अधिकार दिया गया है। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हो जाती। अगर महिलाएं नौकरी में हैं भी, तो उनके सामने वे तमाम बाधाएं हैं जिनके चलते या तो वे खुद नौकरी छोड़ देती हैं या फिर निकाल दी जाती हैं। यह स्थिति कमोबेश दुनियाभर में एक जैसी है।**

देश में समान योग्यता रखने के बावजूद महिलाओं की बेरोजगारी दर पुरुषों के मुकाबले दोगुनी है। यह खुलासा 'भारत में नियुक्ति में लैंगिक भेदभाव' नामक शोध में हुआ है। इसके मुताबिक शहरों में काम करने वाली योग्य शिक्षित महिलाओं में सत्तासी फीसद बेरोजगार हैं, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा मात्र चार फीसद है, जिनके पास काम नहीं है। 'फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफपीआर) 2017-18' की रिपोर्ट भी इस हकीकत को पुष्ट करती है। यह रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल भारत में महिलाओं की रोजगार में शामिल होने की दर 23.3 फीसद के निचले स्तर पर थी। 2011-12 में पंद्रह से उनतीस वर्ष की कामकाजी महिलाओं की रोजगार में शमिल होने की दर में आठ फीसद की गिरावट हुई थी, जो 2017-18 में 16.4 फीसद हो गई। इसी तरह तीस से पचास वर्ष की महिलाओं में रोजगार की दर में सात फीसद की गिरावट देखने को मिली थी। स्पष्ट है कि तीस से पचास वर्ष की कामकाजी महिलाओं में तीन में से दो काम नहीं कर रही हैं। इनमें से ज्यादातर का कहना है कि वे गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभा रही हैं।

लेकिन क्या परिवार का दायित्व ही महिलाओं की प्राथमिकता है, या फिर वे भी बाहर जाकर काम करना चाहती हैं। समाज और परिवार द्वारा निरंतर यह छवि गढ़ी जाती है कि महिलाएं स्वयं काम नहीं करना चाहतीं। लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि यदि महिलाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुले हों तो घर में रहने वाली एक-तिहाई महिलाएं काम करना चाहेंगी। दरअसल, भारत ही नहीं विश्वभर में महिलाओं का संघर्ष दो तरफा है। एक ओर परिवार और दूसरी ओर रोजगार देने वाली सस्थाएं हैं जो उन्हें काम पर रखने की इच्छुक नहीं होतीं। भारत में सामाजिक मानक महिलाओं को लेकर आश्चर्यजनक रूप से रूढ़िवादी हैं। 2012 में हुए एक शोध में चौरासी फीसद भारतीयों ने इस बात पर सहमति जताई थी कि यदि रोजगार कम हो तो महिलाओं के बजाय पुरुषों को काम करने का अधिक अधिकार है। यह सोच हैरान नहीं करती क्योंकि आर्थिक स्वावलंबन पर आज भी पुरुषों का आधिपत्य माना जाता है और यह स्वीकारोक्ति घर और बाहर दोनों ही जगह है। यही कारण है कि पुरुष को नौकरी करने के लिए किसी से अनुमति नहीं लेनी पड़ती, जबकि लड़कियों और महिलाओं को काम करने, रोजगार योग्य नए कौशल सीखने के लिए अपने पिता, भाई या पति से अनुमति लेनी पड़ती है।

यह चिंताजनक विषय है कि समान शैक्षणिक स्तर और काबिलियत होने पर भी महिलाओं के पास रोजगार नहीं है। यह सवाल पैदा होना भी स्वभाविक है कि पिछले कुछ दशकों में जब शिक्षा तक महिलाओं की पहुंच बढ़ी है तो उनके पास रोजगार क्यों नहीं है। अध्ययन बताते हैं कि करीब अठहत्तर फीसद पात्र स्नातक महिलाएं संगठित कार्यबल का हिस्सा नहीं बनती हैं। ये वे महिलाएं हैं जो केवल सामाजिक कारणों से अपनी पढ़ाई पूरी करती हैं, न कि संगठित कार्यबल में भागीदार बनने की इच्छा के कारण। ये 'इच्छा' उस समाजीकरण की परिणति है जो स्त्री को यह विश्वास दिलाती है कि उसका जन्म परिवार की देखभाल के लिए ही हुआ है और पुरुष का कर्तव्य घर के लिए पैसे कमाना है।

यह तथ्य ही इस हकीकत को सत्यापित करने के लिए काफी है कि देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) अमदाबाद की लगभग पचास फीसद स्नातक लड़कियां काम नहीं कर रही हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा को दरकिनार करते हुए परिवार को प्राथमिकता दी। 'स्त्रियां होती ही ऐसी हैं, उनके लिए स्वयं की इच्छा कोई मायने नहीं रखती, अगर कुछ उनके लिए महत्त्वपूर्ण है तो घर-परिवार', निरंतर दोहराए गए ये वाक्य महिलाओं के इर्द-गिर्द सम्मोहन का ऐसा मायाजाल सदियों से बनाते आ रहे हैं कि वे स्वयं ही यह विश्वास करने लगती हैं कि उनका पहला और आखिरी दायित्व परिवार की देखभाल ही है। परिवार और बच्चों को संभालने का दबाव महिलाओं पर निरंतर बनाया जाता है। अगर महिलाएं उस दबाव का सामना करते हुए कार्यस्थल की राह चुनती हैं तो वहां भी उन्हें उसी असहयोगात्मक व्यवहार का सामना करना पड़ता है जो उन्हें अपने परिवार से मिलता है। कार्यस्थल पर उनके किए हर कार्य को संशय से देखा जाता है। अगर वे किसी कार्य में असफल हो जाएं तो उसे मानवीय भूल न मान कर 'स्त्री होने के कारण प्राप्त असफलता' की तथाकथित अवधारणा से जोड़ कर देखा जाता है। घर से लेकर कार्यस्थल पर निरंतर कसी जाने वाली कसौटी के चलते



अधिकांश महिलाएं स्वयं ही अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता के स्वप्न को तिलांजलि दे देती हैं।

हाल ही में हुए नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक तकनीकी प्रशिक्षण पाने के बाद रोजगार पाने में महिलाएं पुरुषों की तुलना में काफी पीछे हैं। आंकड़े बताते हैं कि तकनीकी प्रशिक्षण पाने वालों में करीब सत्तर फीसद युवक और अड़तीस फीसद महिलाओं को ही रोजगार मिल पाता है। ऐसा इसलिए होता है कि कंपनियां ही महिलाओं को काम पर रखना नहीं चाहतीं। भारत में एक तिहाई कंपनियां तो ऐसी हैं जहां कोई भी महिला कार्यरत नहीं है, जबकि इकहत्तर फीसद कंपनियों में महिलाओं की संख्या मात्र दस फीसद से भी कम है। महज चौबीस फीसद कंपनियां ऐसी हैं जहां महिलाओं और पुरुषों को बराबर का अधिकार दिया गया है। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हो जाती। अगर महिलाएं नौकरी में हैं भी, तो उनके सामने वे तमाम बाधाएं हैं जिनके चलते या तो वे खुद नौकरी छोड़ देती हैं या फिर निकाल दी जाती हैं। यह स्थिति कमोबेश दुनियाभर में एक जैसी है।

पिछले साल अक्तूबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने बताया था कि 'स्वचालन' जैसी नई प्रौद्योगिकियों ने वैश्विक स्तर पर महिलाओं से जुड़ी लगभग अठारह करोड़ नौकरियों को खतरे में डाल दिया है। 'हाई पोटेंशियल अंडर हाई प्रेशर इन इंडिया टेक्नोलॉजी सेक्टर' की रिपोर्ट बताती है कि भारत में उच्च क्षमता वाले पुरुष और महिलाएं एक समान स्तर पर शुरू करते हैं, लेकिन समय के साथ महिलाओं के लिए लिंगभेद उभर रहा है। जो कम कमाती हैं, कम विकास के अवसर प्राप्त करती हैं, जो प्रगति के लिए आगे बढ़ती हैं और पुरुषों की तुलना में घर पर अधिक जिम्मेदारियों का सामना करती हैं, उन्हें पीछे धकेल दिया जाता है। महिलाओं का मां बनना कंपनियों को नुकसान का सौदा दिखाई पड़ता है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि जब महिलाओं ने अपनी गर्भावस्था का जिक्र अपने मैनेजर या सहकर्मियों से किया तो उन्होंने पाया कि उन्हें कैरियर में प्रोत्साहन दिए जाने की दर में कमी आई।

बंगलुरु में नई कंपनियों और छोटी कंपनियों के सर्वे में यह बात सामने आई कि छियालीस फीसद कंपनियों ने पिछले डेढ़ साल में ज्यादातर पुरुष कर्मियों की ही बहाली की। वहीं इसी तरह के एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ कि 2004-05 से 2011-12 के दौरान अट्ठाईस लाख महिलाओं को नौकरी से निकाल दिया गया। संशोधित मातृत्व लाभ अधिनियम के बाद एक साल में ही ग्यारह से अठारह लाख महिलाओं की नौकरी चली गई।

यह तय है कि जब तक महिलाओं पर परिवार और नौकरी में से किसी एक को चुनने का दबाव रहेगा, तब तक महिलाएं नौकरियों से दूर होती रहेंगी। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन का सुझाव है कि बच्चों की देखभाल के लिए दी जाने वाली मदद से महिलाओं के कामकाजी होने की संभावना बढ़ जाएगी। एसोचैम के सुझावों के मुताबिक श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष रोजगार कौशल प्रशिक्षण, छोटे शहरों में रोजगार के अवसर, बच्चों और बुजुर्गों की देखरेख के लिए केयर सेंटर, सुरक्षित कार्यस्थल जैसे प्रयास बढ़ाने होंगे। सरकारी स्तर पर प्रयास तो अपरिहार्य हैं ही, पर उससे भी अधिक उस सोच में बदलाव की आवश्यकता है जो स्त्री का दायरा घर की चारदीवारी तक सीमित रखना चाहती है।

# विज्ञान की चेतना

**दुनिया मेरे आगे**

कैलाश चंद्र काण्डपाल

वैज्ञानिक दृष्टिकोण आजकल फिर चर्चा में है। हालांकि यह एक अलग बात है कि क्या इस पर चर्चा की जरूरत है या एक अच्छा जनतांत्रिक और प्रगतिशील देश बनने के लिए इसका होना नितांत जरूरी है। अगर हम विश्व का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि इसके वर्तमान स्वरूप में होने में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। यूरोपीय पुनर्जागरण के बाद इसी दृष्टिकोण से औद्योगिक क्रांति की नींव पड़ी और उसके बाद विश्व इतिहास के नए पन्ने लिखे गए, जिसमें उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद जैसे आख्यान आए और विश्व में नया आर्थिक और सामाजिक स्वरूप उभरा। इसने मात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में ही योगदान नहीं दिया, बल्कि एक जीवन दर्शन भी दिया जो एक प्रगतिशील समाज के लिए महत्त्वपूर्ण है। यह बात दीगर है कि यह हमारा भविष्य भी निर्धारित करेगा।

स्वतंत्र भारत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्धता की बात सत्तर के दशक में शुरू हुई, जिसे 'अपोलो-11' यान के चंद्रमा की यात्रा के घटनाक्रम से भी जोड़ा जाता है। इसी दशक में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए देशव्यापी प्रचार-प्रसार देखा भी गया, जिसमें कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी दशक के उत्तरार्ध में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संविधान में बयालीसवें संशोधन से मूल कर्तव्यों के रूप में समाहित किया गया और स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में भी इसने अपनी प्रमुख जगह बनाई। इसमें इस बात को रेखांकित करना आवश्यक है कि हमारे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रबल हिमायती थे। भारत के संविधान में उल्लिखित मूल कर्तव्यों में एक यह साफतौर पर लिखा गया है कि 'भारत का नागरिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का सुधार करे'। दरअसल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मूल कर्तव्य के रूप में संविधान में समाहित करने का निर्णय सतही नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक जीवन दर्शन है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण मात्र विज्ञान विषय से संबधित नहीं है, बल्कि यह एक जीवन दर्शन के रूप में समाज को दिशा देता है। यह नागरिकों को इस बात के लिए प्रेरित करता है कि वे जिज्ञासा से प्रेरित रहें, प्रश्न करने की प्रवृत्ति बनाए रखें, तर्कशील और विवेकसम्मत बनें। तर्कशील और विवेकसम्मत समाज ही वास्तव में एक बेहतर जनतांत्रिक समाज की बुनियाद होता है। कई प्रकार से विविधता वाले देश भारत में अगर यह दृष्टिकोण प्रमुखता से अपनी जगह पाता है तो इसकी प्रगति के कई रास्ते खुलते हैं, चाहे वे एक वांछित समाज के हों या एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने के। राष्ट्र के रूप में हमें यहां यह समझ लेना होगा कि हम जहां और जैसे हैं, इसका एक इतिहास है और इसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण नहीं रही है। समाज में व्याप्त असमानता, अंधविश्वास आदि इसी बात के प्रमुख उदाहरण हैं कि हमारी चेतना में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अहम स्थान नहीं रखता है। आज भी अंधविश्वास के कई नमूने हमें हर रोज दिखाई पड़ते हैं। अगर हम इन असमताओं और अंधविश्वासों पर तर्क कर विवेकसम्मत तरीके से सोचें तो यह बात स्पष्ट हो जाएगी कि ये भारत के लिए वांछित समाज बनाने और इसकी उन्नति में बाधक हैं।

समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाने का दायित्व औपचारिक शिक्षा पर भी है और खासतौर पर स्कूली शिक्षा पर। वर्तमान में सारे प्रयासों के बाद भी स्कूली शिक्षा एक ढर्रे पर सिमटी दिखती है। अंकों की होड़ ने इसमें समझने के बजाय रटने की प्रवृत्ति को ही बढ़ावा दिया है। विषयगत अध्ययन में 'क्यों' के सवालों में बच्चे संघर्ष करते दिखाई देते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण या चिंतन इस बात को रेखांकित करता है कि औपचारिक शिक्षा के तहत विषयगत अध्ययन में जब तक 'क्यों' पर विमर्श नहीं किया जाएगा, तब तक यह दृष्टिकोण स्थापित नहीं होगा। वर्तमान स्कूली शिक्षा का ताना-बाना इसी पर बुना हुआ है और इसके लिए निर्धारित पाठ्यचर्या की रूपरेखा इस पर बात करती है। लेकिन समस्या इस पर अमल या काम करने के तरीके में दिखती है। आज भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण का वांछित स्वरूप हमें कक्षा-कक्ष की प्रक्रियाओं में नहीं दिखता है।

औपचारिक स्कूली शिक्षा का मुख्य उद्देश्य एक बेहतर वांछित समाज का निर्माण करना है। भारत के लिए ऐसे वांछित समाज की परिकल्पना भी भारत के संविधान में स्पष्ट की गई है कि भारत के लोग ऐसे समाज के लिए संविधान को अंगीकार करते हैं जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा हो। वास्तविक रूप में देखा जाए तो इस प्रकार के समाज को पाने के लिए हमें अभी और सायास प्रयत्न करने हैं। यह तभी संभव है जब हम तर्कपूर्ण और विवेकशील बनें और इसकी राह हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मिलती है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण और चिंतन हमें इस बात में मदद करेगा कि हम अपने भीतर निष्पक्ष रूप से सोचने-समझने की प्रवृत्ति विकसित करें। हमें अपने स्कूलों में बच्चों को ऐसे चिंतन में लगाना होगा, ताकि वे खुद को, अपने आसपास होने वाली घटनाओं और उनके अंतर्संबधों को तार्किक रूप से समझ सकें और इस पर अपनी तर्कसम्मत और विवेकपूर्ण राय बना कर आगे बढ़ें, ताकि वे एक जागरूक नागरिक के रूप में उभरें, न कि भेड़चाल का अनुसरण करने वाली भीड़ के रूप में।

## दुरुस्त आयद

बीते दिनों विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देर से ही सही मगर दुरुस्त कदम उठाते हुए युवाओं को सोशल मीडिया की नैतिकता और शिष्टाचार सिखाने के लिए इसे स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम का हिस्सा बना दिया है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग को देखते हुए उसके बारे में युवाओं को जागरूक करने के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम की आवश्यकता बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही थी। आजकल सोशल मीडिया आपस में लोगों के जुड़ने और संचार का प्रमुख साधन बन गया है। हमारे जीवन में उसकी निरंतर बढ़ती उपयोगिता के साथ-साथ उसका निहित स्वार्थी तत्त्वों द्वारा दुरुपयोग भी बढ़ता जा रहा है।

आज सोशल मीडिया को कुछ लोगों ने दुष्प्रचार का माध्यम भी बना लिया है जिसके कारण झूठी और नफरत फैलाने वाली खबरों की एक अलग ही दुनिया बन गई है जो समाज को बांटने और आपसी विश्वास में दरारें डालने का काम कर रही है। बड़े पैमाने पर अफवाहों, खौफ और नकारात्मक खबरों को प्रसारित-प्रचारित करने में सोशल मीडिया की भूमिका के मद्देनजर कई बार इसे नियमित और नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग भी उठती रही है।

सोशल मीडिया में झूठी खबरों की समस्या की गहराई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकांश परंपरागत माध्यम, जैसे रेडियो, टीवी और पत्र-पत्रिकाएं 'फेक न्यूज' यानी झूठी या फर्जी खबरों को जानने की व्यवस्था करने लगे हैं। अमेरिका जैसे देश इस मामले में अत्यंत जागरूक हैं और वहां सोशल नेटवर्किंग साइट पर नियंत्रण को लेकर पर्याप्त कदम समय-समय पर उठाए जाते हैं। भारत में भी सोशल मीडिया से संबंधित नैतिक और शिष्टाचार से जुड़े पाठ्यक्रम युवाओं की भावनात्मक और बौद्धिक क्षमताओं को विकसित करने और उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने में महती भूमिका निभाएंगे तभी सही मायने में सोशल मीडिया अपने नाम को सार्थक करेगा।

● *बिजेंद्र कुमार, आंबेडकर कॉलेज, दिल्ली*

## पटाखों से परहेज

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपील की है कि दिवाली पर फटाखे नहीं फोड़ें। प्रदूषण के कारण सभी को परेशान होना पड़ता है। हम सब बुराइयों का ठीकरा सरकार पर फोड़ते हैं, लेकिन अपनी जिम्मेदारियां नहीं समझते हैं। पूरे देश की जनता से उम्मीद है कि फिजा में शोर व धुआं फैलाने से तौबा करें। चाहे दिवाली हो, शादी-ब्याह हो या खुशी का कोई अन्य अवसर हो, सभी लोग पटाखे नहीं फोड़ने का संकल्प लें। अगर हमें पर्व मनाना है तो ऐसे पटाखे इस्तेमाल करें जो पर्यावरण के अनुकूल हों। सरकार को ऐसे पटाखों के बारे में जनता को जागरूक करना चाहिए। हम सभी संकल्प लें कि ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जो वातावरण को विषैला बनाए।

● *हेमा हरि उपाध्याय अक्षत, खाचरोद, उज्जैन*

## दिल्ली की हवा

दिल्ली-एनसीआर में आठ वर्ष बाद लगभग तीन महीने का समय ऐसा रहा जब हवा लगातार सांस लेने लायक बनी रही। मानसून के दौरान भी स्थिति काफी हद तक सही रही। नौ अक्तूबर तक वायु गुणवत्ता सूचकांक 173 यानी मध्यम स्तर तक था पर उसके अगले ही दिन अचानक खराब श्रेणी में पहुच गया। तब से लगातार दिल्ली की हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा बढ़ती जा रही है। इसके आगे और बढ़ने की आशंका है क्योंकि हरियाणा में पराली जलाई जाने लगी है। मानसून के जाते ही दिल्ली के स्वच्छ हवा चली गई। अब सरकार जनता को विश्वास दिलाने के लिए कागजी कार्रवाई कर रही है। आखिर इस समस्या को गंभीरता से कब लिया जाएगा?

● *नीतीश कुमार पाठक, आश्रम, नई दिल्ली*

## अश्लीलता का प्रसार

समाज के कई पहलुओं को हम फिल्मों के जरिए समझते हैं। अब ये फिल्में डिजिटल (ऑनलाइन) प्लेटफॉर्म के जरिए 'वेब सीरीज' का रूप ले रही हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने लोगों के घरों में स्मार्टफोन के माध्यम से खासी पैठ बना ली है जिसका लाभ उठाकर लगातार गाली-गलौच, नशा व अश्लील यौन संबंधी सामग्री परोसी जा रही है।

सेंसर बोर्ड से फिल्मों पर तो नियंत्रण हो जाता है लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए कोई सेंसर या नियम-कानून लागू नहीं होते हैं। एक ओर सरकार पॉर्नोग्राफी वेबसाइट बंद करने का प्रयास कर रही है मगर दूसरी तरफ इन प्लेटफार्म के जरिए इसे बढ़ावा मिल रहा है। इसकी लत से युवा अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हाल ही में बेंगलुरु के एक युवक को अस्पताल में इसलिए भर्ती कराया गया कि उसे 'नेटफ्लिक्स' की लत गई थी। ऐसी लत खासकर युवाओं को आकर्षित कर नशा और अश्लील यौन सामग्री देखने पर मजबूर कर रही है।

हाल में ही दिल्ली उच्च न्यायालय ने जस्टिस फॉर राइट्स फाउंडेशन (एनजीओ) द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी पर उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के पीठ ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय और संचार मंत्रालय को नोटिस जारी किया व नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ऑनलाइन मीडिया प्रसारण की सामग्री को नियंत्रित करने के लिए दिशा-निर्देश तय करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है।

● *प्रमोद पांडेय, दिल्ली*

## पराली से खाद

विकास अक्सर विनाश के कंधों पर सवार होकर आता है। जब से मजदूरी ज्यादा होने के कारण और मशीनों से कटाई आसानी से हो जाने लगी, तभी से किसानों ने खेतों में पराली जलाना शुरू कर दिया। हाथ से कटाई होती थी तो भूसा बचता था और भूसा इस्तेमाल हो जाता था। अब ऐसा नहीं हो पाता और पराली जलाने से पर्यावरण को कितना ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है इसे लेकर पर्यावरणविदों ने अभी से आगाह करना शुरू कर दिया है। दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हवा जरूरत से ज्यादा जहरीली हो चुकी है।

इसे रोकने की जिम्मेदारी सरकार की है। यदि किसानों को विधिवत जानकारी दी जाए और समझाया जाए कि पराली को 'बायो कंपोस्ट' के जरिए खाद बनाकर खेत में ही फिर इस्तेमाल कर लें तो अगली फसल बिना कीटनाशक और बिना खाद के भी बहुत अच्छी हो सकती है। स्थितियां बद से बदतर हों उसके पहले ही इसके लिए सरकार को पहल करनी होगी।

● *रमेश माहेश्वरी, सुल्तानपुर*

**चौपाल**

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com



## नई फिल्म
- मेक इन इंडिया
- *लाल कप्तान*
- घोस्ट



## बॉक्स ऑफिस

| फिल्म | कुल कमाई |
|---|---|
| वॉर | 261.8 करोड़ |
| जोकर | 49 करोड़ |
| ड्रीम गर्ल | 136.05 करोड़ |
| स्काई इज पिंक | 10.5 करोड़ |

17 अक्तूबर तक की कमाई



## जन्मदिन
- सनी देओल 19 अक्तूबर
- नरगिस फाखरी 20 अक्तूबर
- *परिणीति चोपड़ा 22 अक्तूबर*
- प्रभास 23 अक्तूबर

# सीक्वेल फिल्मों से संतुष्टि नहीं मिलती : रितेश

आरती सक्सेना

**साल 2003 में रितेश देशमुख ने बॉलीवुड में कदम रखा था। 40 फिल्में कर चुके रितेश की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों में होती है। इन दिनों रितेश अपनी नई फिल्म 'हाउसफुल 4' और 'मरजावां' को लेकर चर्चा में हैं। पेश है उनसे हुई बातचीत...**

आमने सामने

**सवाल** : 'मरजावां' में आपने तीन फुट के विलेन का किरदार निभाया है। आपसे पहले कमल हासन ने फिल्म 'अप्पू राजा' में भी कुछ ऐसा ही किरदार निभाया था। तो क्या आपको लगता है कि आपकी तुलना कमल हासन से हो सकती है ?

● कमल हासन लीजेंड एक्टर हैं उनसे मेरी तुलना करना गलत होगा। 'मरजावां' में मेरे कद को छोटा दिखाने के लिए ग्राफिक्स का इस्तेमाल किया गया। मुझमें जो खामियां थी उसे तकनीकी के जरिए दूर किया गया है। जबकि कमल हासन ने खुद अपने पैरों को मोड़ कर बोने का किरदार निभाया था। 'मरजावां' में मेरा किरदार दमदार है, इसमें कोई दो राय नहीं है।



**सवाल** : शाहरुख खान फिल्म 'जीरो' में बौने बनें नजर आए थे, लेकिन वह फिल्म फ्लॉप रही ?

● यह तो फिल्म की तकदीर पर निर्भर करता है। मुझे आज भी याद है मैं शाहरुख खान से 'जीरो' के सेट पर मिलने गया था तब उन्होंने बहुत उत्साहित होकर अपना किरदार सुनाया था। कहने का मतलब यह है कि भले ही फिल्म फ्लॉप हो या हिट, लेकिन एक कलाकार को उस किरदार को निभाते समय आत्मसंतुष्टि होनी चाहिए।

**सवाल** : लंबे समय बाद 'मरजावां' फिल्म से आपको चुनौती भरी भूमिका मिली है। तो क्या यह समय आपके अभिनय करिअर के लिए सही है ?

● हां काफी हद तक। वैसे मैंने अपने अभिनय करिअर में इससे पहले भी खलनायक का किरदार निभाया है। लेकिन 'मरजावां' में निभाया गया किरदार बिलकुल हट कर है।

**सवाल** : फिल्म 'हाउसफुल 4' में आप किस तरह का किरदार निभा रहे हैं ?

● मैं इस फिल्म में दोहरी भूमिका में हूं जिसमें से एक बांगडू महाराज है तो दूसरा रॉय के किरदार में है। इस फिल्म की कहानी पुनर्जन्म पर आधारित है। यह फिल्म हंसी-मजाक से भरपूर है।

**सवाल** : आप कई सीक्वल फिल्मों में काम कर रहे हैं। क्या इसकी वजह यह है कि इन फिल्मों की तीन हफ्ते चलने की गांरटी होती है ?

● ऐसा नहीं है कि हर सीक्वल फिल्म हिट ही होती है। ये सीक्वल फिल्म पर निर्भर करता है कि वह किस फिल्म की सीक्वल बनी है। जैसे फिल्म 'दबंग 3' जब रिलीज होगी तो दर्शक निश्चित ही उसे देखने के लिए पागल हो जाएंगे। 'गोलमाल' की सीरिज भी हिट है इसी तरह 'हाउसफुल 4' में भी फुल कॉमेडी है जिसे दर्शक जरूर देखने जाएंगे।

**सवाल** :आपने कई सारी सीक्वल फिल्में की हैं। क्या आप इनमें काम करके एक अभिनेता के तौर पर संतुष्ट हैं ?

● सीक्वेल फिल्म में काम करने में मजा आता है लेकिन बतौर अभिनेता संतुष्टि नहीं मिलती। सीक्वेल के साथ मैंने ऐसी फिल्में भी की हैं जो मुझे बतौर अभिनेता संतुष्ट करे। जैसे 'एक विलेन' में मैं खलनायक की भूमिका में तो फिल्म 'अपना सपना मनी मनी' में मैं सेक्सी लड़की के किरदार में नजर आया था। इसी तरह 'मरजावां' भी बहुत ही दिलचस्प फिल्म है।

# बुद्ध के आंदोलन से एक संवाद

रोहित कुमार

'इतना ही समझ पाते हैं।' नाटक की केंद्रीय पात्र सुंदरी के इस संवाद के साथ पर्दा गिर जाता है। संसार और संन्यास में उलझा पति और रूप गर्विता पत्नी के बीच आते हैं भारत के धर्म का नक्शा बदल देनेवाले बुद्ध। भोग और निर्वाण के बीच का द्वंद्व दिखाता यह नाटक ऐतिहासिकता में समकालीनता की मांग करता है। क्या बुद्ध तथागत सिर्फ इसलिए बन पाए कि उन्होंने यशोधरा का त्याग किया? बुद्ध के धम्म यानी मुक्ति मार्ग की विवेचना को किस तरह देखा जाए? इन्हीं सवालों के साथ बौद्धकालीन भारत के दांपत्य में स्त्री-पुरुष संबंधों को रंगमंच पर उतारा गया कालिदास अकादमी, उज्जैन के अभिरंग नाट्यगृह में। नाट्य संस्था अभिनव रंगमंडली की इस प्रस्तुति की खासियत यह रही कि नाटक को बिना किसी सूत्रधार के मंचित किया गया। नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन शरद शर्मा का था।

नाटक
*लहरों के राजहंस*



नाटक की पृष्ठभूमि में है तथागत का वह आंदोलन जो पूरे भारत की धार्मिक तस्वीर बदल रहा था। नाटक बुद्ध के सौतेले भाई नंद और उसकी पत्नी सुंदरी के इर्द-गिर्द रचा गया है। नंद की पत्नी सुंदरी भोग-विलास की प्रतिनिधि है, जिसका मानना है कि बुद्ध के बैराग्य के पीछे उनकी पत्नी यशोधरा की विफलता है। सुंदरी बुद्ध को चुनौती देती है कि वह लहरों के राजहंस को निर्वाण के पथ पर ले जाएं। सुंदरी का अहंकार तब टूट जाता है जब उसके द्वारा आयोजित काम उत्सव में अतिथि नहीं आते हैं। अतिथि बुद्ध के प्रभाव में आकर इस उत्सव से दूर हो जाते हैं। यह घटना सौंदर्य और चातुर्य की स्वामिनी सुंदरी के जीवन में नया संघर्ष ले आती है।

नंद का व्यक्तित्व विभाजित है। कभी वह पत्नी का समर्पित प्रेमी बन जाता है तो उसी वक्त उसे बुद्ध का संघ भी अपनी ओर खींचने लगता है। वह न पत्नी का है और न तथागत का। संसार और सन्यास के बीच उलझ कर वह दुखी अवस्था में ही रहता है। जब वह कहता है, 'तथागत से पूछूंगा कि उन्होंने मेरे केशों का क्या किया। अगर मेरे केश अब भी उनके पास हैं तो वे उन्हें लौटा दें। मेरी पत्नी को मेरे केश ही चाहिए।' सुंदरी को अहसास होता है कि उसके पति की इतनी ही समझ है कि वह उसके केशों से प्यार करती है। वह सुंदरी जो बुद्ध के पूरे आंदोलन को चुनौती दे रही थी, समझ नहीं पा रही थी कि वह खुद को कितना समझती है।

बुद्ध और उनके धार्मिक विचारों को साहित्य या मंच पर उतारना बहुत आसान नहीं होता है। खासकर ऐतिहासिकता जब समकालीनता की मांग करे तो बुद्ध और जटिल हो जाते हैं। बुद्ध और उनके आंदोलन को जिस तरह मंच पर उतारा गया वह सराहनीय है जिसे और श्रेष्ठ बनाने की संभावना दिखती है। प्रकाश संयोजन ने नाटक की कथावस्तु को उभारा। केंद्रीय कलाकारों ने अपनी ओर से बेहतरीन किया।

# मोहिना की शाही शादी

सुनील दत्त पांडेय

रिपोर्ट

मध्य प्रदेश की रीवा रियासत की राजकुमारी और टीवी कलाकार 'यह रिश्ता क्या कहलाता है' में किरदार निभा रहीं मोहिना कुमारी सिंह की शाही शादी उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश के साथ बीते सोमवार की रात देवनगरी हरिद्वार उपनगर कनखल में गंगा तट पर स्थित बैरागी कैंप में हुई। इस शादी के चश्मदीद एक लाख से ज्यादा लोग बने। उनमें आम आदमी से लेकर बड़े-बड़े शामिल थे। इस शादी के लिए महल उमा पंडाल बनाया गया था।



इस शाही शादी में गवाह बने कई बड़े नाम मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत उत्तराखंड की राज्यपाल बेनी रानी मौर्य, योग गुरु स्वामी रामदेव केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक सहित कई विधायक शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महामंडलेश्वर हरि चेतनानंद महामंडलेश्वर, स्वामी संतोषानंद सहित कई लोगों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। फिल्म अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और जाने-माने सूफी गायक कैलाश खेर से लेकर तमाम बॉलीवुड के छोटे पर्दे के कई कलाकार भी इस शादी समारोह में पहुंचे। शादी समारोह की भव्यता देखते ही बन रही थीं। मोहिना सिंह रीवा के राजा पुष्पराज सिंह जूदेव की बेटी है।

शाही शादी में वर वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे स्वामी रामदेव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सतपाल महाराज के बेटे सुयश और रीवा की राजकुमारी मोहिना विवाह बंधन में बंध गए। इन दोनों को लाखों लोगों का आशीर्वाद और स्नेह मिला है।

## खबर कोना

### मणिरत्नम की अगली फिल्म में ऐश



बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन अब कम ही फिल्मों में नजर आती हैं। पिछले साल वे फिल्म 'फन्ने खां' में नजर आईं थी। वहीं खबर है कि ऐश्वर्या जल्द ही मणिरत्नम की एक फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनका डबल रोल होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए ऐश्वर्या राय ने कहा है कि 'वह और फिल्मकार मणिरत्नम एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। मणिरत्नम के साथ काम करने में उन्हें हमेशा ही आनंद आता है।' ऐश्वर्या इससे पहले मणिरत्नम की फिल्म ईश्वर, गुरू और रावण में काम कर चुकी हैं। ऐश्वर्या ने कहा कि इस फिल्म के लिए हां करने से पहले उन्हें कुछ भी सोचना नहीं पड़ा। उन्होंने कहा, 'मणि मेरे गुरु हैं और वह हमारे देश के सबसे अद्भुत और प्रतिभाशाली निर्देशकों में से एक हैं।' फिलहाल ऐश्वर्या डिज्नी के 'मालफिसेंट: मिस्ट्रेस ऑफ एविल' के विशेष कार्यक्रम में व्यस्त है। ऐश ने इसमें एंजेलिना जोली के किरदार को आवाज दी है। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज होगी।

### रणबीर कपूर ने बंधाया आलिया को ढांढस



बॉलीवुड गलियारों में लंबे समय से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के रोमांस की खबरें हैं। वहीं एक कार्यक्रम के दौरान आलिया ने कहा कि फिल्म 'कलंक' की असफलता से उबरने में रणबीर कपूर ने उनका खूब साथ दिया और उनका मनोबल बढ़ाया। इसी साल अप्रैल में रिलीज हुई करण जौहर की मल्टीस्टारर फिल्म 'कलंक' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप रही। आलिया, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, कुणाल खेमू और आदित्य रॉय कपूर जैसे बड़े सितारों वाली 'कलंक' एक महत्वाकांक्षी पीरियड फिल्म थी। हाल ही में एक कार्यक्रम में आलिया बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्देशक करण जौहर के साथ मौजूद थी। इस दौरान करण जौहर ने आलिया भट्ट से फिल्म कलंक के फ्लॉप होने के बाद खुद को कैसा संभाला इसके लेकर सवाल किया। करण जौहर के इस सवाल पर आलिया ने अपने कथित ब्वॉयफ्रेंड रणबीर कपूर का जिक्र किया।

### दीपिका 2020 की शुरुआत में करेंगी 'डार्क रोमांटिक फिल्म'



डिंपल गर्ल लगातार फिल्में कर रही हैं। दीपिका पादुकोण इन दिनों फिल्म 'छपाक' और '83' की शूटिंग में व्यस्त है। इन दोनों फिल्मों की शूटिंग खत्म करने के बाद वह 'डार्क रोमांटिक फिल्म' की शूटिंग में लग जाएंगी। इस बारे में अभिनेत्री ने कहा कि वह 'छपाक' के बाद एक 'डार्क रोमांटिक फिल्म' के लिए अगले साल की शुरुआत से शूटिंग शुरू करेंगी। उल्लेखनीय है कि चरित्रों के नकारात्मक पक्ष एवं उनके रोमांस पर आधारित फिल्मों को 'डार्क रोमांटिक फिल्म' कहा जाता है। एक मौके पर दीपिका ने कहा कि ' मुझे एक ऐसी फिल्म मिली है जिसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है लेकिन यह कोई हल्की फिल्म नहीं है। यह एक डार्क फिल्म होगी लेकिन रोमांटिक पृष्ठभूमि में होगी। 'इस फिल्म से पहले दीपिका 'छपाक' में दिखेंगी।

### 'जर्सी' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे शाहिद



बॉक्स ऑफिस पर 278 करोड़ की कमाई के बाद शाहिद कपूर की फिल्म 'कबीर सिंह' अभी तक 2019 की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म है। इस फिल्म की सफलता ने शाहिद को वहां पहुंचा दिया है जहां वे कभी नहीं थे। बता दें कि यह फिल्म तेलुगु फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' की रीमेक थी। वहीं सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म की सफलता से शाहिद कपूर इतने उत्साहित हैं कि अब वह खेल पर आधारित तेलुगू फिल्म 'जर्सी' के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2020 को सिनेमाघरों में आएगी। तेलुगू फिल्म 'जर्सी' में नानी ने मुख्य किरदार निभाया था। नानी को फिल्म 'मक्खी' से बॉलीवुड में पहचान मिली थी। 'जर्सी' के निर्देशक गौतम तिन्नानूरी ही हिंदी रीमेक का भी निर्देशन करेंगे।

# मणिपुरी नृत्य में रास

शशिप्रभा तिवारी

नृत्योत्सव

राजधानी दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को लोकप्रिय बनाने में गुरु राजकुमार सिंहजीत सिंह और उनकी पत्नी व नृत्यांगना चारूसिजा माथुर का योगदान महत्वपूर्ण है। दशकों से यहां रहते हुए वे मणिपुरी नृत्य प्रस्तुत करते रहे हैं। मणिपुरी नृत्य के परिधान और साज-सज्जा को दर्शक पसंद करते हैं। लेकिन अभी भी यह नृत्य शैली बहुत ज्यादा प्रचलन में नहीं आ पाई। बहरहाल, इसे लोगों तक पहुंचाने में स्पीक मैके जैसी संस्था ने भी महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। इसी क्रम में विरासत-2019 के तहत नृत्य समारोह आयोजित था।

लेडी इरविन कॉलेज में यह समारोह आयोजित था। मणिपुरी नृत्य विधा के बारे में गुरु राजकुमार सिंहजीत ने कहा कि नृत्य हमारी आत्मा की छिपी हुई धरोहर है। कलाएं, हमारे जीवन को प्रकाशित करती हैं। संस्कृति, देश और सभ्यता को विस्तार देने के लिए, इसकी सांस्कृतिक आत्मा को रोज-रोज तलाशना व तराशना पड़ता है। यही भारत की विशेषता है। हमलोग किसी भी भाषा में अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं। लेकिन, कलाकार अपनी आंगिक चेष्टा और भावों के जरिए अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है। उसके संवाद का जरिया उसकी कला होती है। हालांकि, मणिपुरी नृत्य के विकास व उदय की कहानी थोड़ी अलग है। मणिपुरी नृत्य पूरी तरह जीवन, जीवन के संस्कार और कलाधर्म से जुड़ा हुआ है।



समारोह के दौरान पहली प्रस्तुति बसंत रास थी। इसे चारूसिजा माथुर और उनके साथी कलाकारों ने पेश किया। रास नृत्य मणिपुर में मंदिर के प्रांगण में रात भर किया जाता है। पर मंचीय प्रस्तुति के मद्देनजर इसे संक्षिप्त रूप से कलाकार पेश करते हैं। रचना 'निकुंज तुम आओ कृष्ण राधासखी' पर प्रस्तुति आधारित थी। प्रस्तुति में मोहक अंग व पाद संचालन के साथ भ्रमरियों का लयात्मक प्रयोग नृत्यांगनाओं ने किया।

अगली प्रस्तुति पुंग चोलम थी। संकीर्तन पर आधारित पुंग चोलम को पुरुष कलाकारों ने पेश किया। मणिपुर में संकीर्तन सामाजिक व धार्मिक उत्सवों के दौरान आयोजित किया जाता है। यह शिशु जन्मोत्सव, उपनयन संस्कार, विवाह और श्राद्ध के अवसर पर गाया जाता है। इस प्रस्तुति ने समां बांध दिया। इस समारोह के दौरान लेडी इरविन कॉलेज की छात्रा शिल्पा ने कुचिपुड़ी नृत्य पेश किया। उन्होंने रचना 'मुत्थुकारी यशोदा देवकीसुत' पर यशोदा और बालक कृष्ण के भावों को विवेचित किया।

समारोह में कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनूपा सिद्धू, स्पीक मैके की कॉ-आडिर्नेटर श्रद्धा शर्मा, मालविका मजूमदार की उपस्थिति खास रही।

# 'चंडीगढ़ बने छोटा मुंबई'

तमन्ना अख्तर

'किस्मत ने हम तीनों भाइयों को कला के क्षेत्र में काम करने का मौका दिया। मेरे सबसे बड़े भाई रविंदर पराशर फिल्म निर्देशक हैं और अब वे अमेरिका में रहते हैं। लेकिन मैं अपना देश, अपनी जन्मभूमि को छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहता। मैं चंडीगढ़ को छोटा मुंबई बनाना चाहता हूं ताकि यहां के कलाकारों को बाहर न जाना पड़े। यह बात चंडीगढ़ निवासी अभिनेता राजेश पराशर ने जनसत्ता सकही। उनका कहना है कि यहां एक से बढ़कर एक कलाकार हैं लेकिन अवसरों के अभाव के कारण उन्हें मुंबई जाना पड़ता है। यदि यहां कोई फिल्म बन भी जाए तो प्रोडक्शन के लिए मुबंई जाना पड़ता है। इससे बजट बढ़ जाता है।



एक बैंकर पिता और गृहिणी मां के घर जन्मे राजेश चार भाई-बहनों में सबसे छोटे है। बचपन से ही उनकी रुचि फिल्मों में रही है। सेक्टर-27 स्थित मोती राम स्कूल से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद सेक्टर-10 के डीएवी कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। राजेश के फिल्मी करिअर की शुरुआत तनुजा चंद्रा निदेशक की फिल्म 'संघर्ष' से बतौर सहायक निर्देशक के रूप में की। उनके पास आलिया भट्ट, अक्षय कुमार, प्रीति जिंटा, मिथुन चक्रवर्ती, विजय राज जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का अनुभव है उन्होंने कहा, संघर्ष (1991) जैसी बड़ी फिल्म में काम करने की मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। 1998 में पूरा पराशर परिवार चंडीगढ़ से मुंबई चला गया। 17 साल बाद इस परिवार ने चंडीगढ़ में वापसी की। साल 2014 में रिलीज हुई कबाब में हड्डी फिल्म की पूरी शूटिंग चंडीगढ़ में हुई। इसमें राजेश ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिर अमेरिकन वेब-सीरीज प्लेइंग विथ द पास्ट बनाने का फैसला किया, जिसे अमेरिका और इंग्लैंड में खूब पसंद किया गया। इस सीरीज के दूसरे सीजन बनाने का काम जल्द शुरू होगा। राजेश हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डी निरो को अपना आदर्श मानते है।

स्मिता पाटील (17 अक्तूबर, 1955-13 दिसंबर 1986)

# आज रपट जाएं तो हमें न उठइयो...

गणेशनंदन तिवारी



**स्मिता पाटील में देश की चारों दिशाओं के फिल्मकारों को अपनी कहानी के पात्र नजर आए। नतीजा यह हुआ कि स्मिता ने पंजाबी फिल्म 'साल सोलवां चढ्या' की तो गुजराती 'भवनी भवाई' भी की। कन्नड़ 'अन्वेषणे' की तो मलयालम 'चिदंबरम' और मराठी 'सामना' या 'जैत रे जैत' और बांग्ला में 'देवशिशु' और 'अकालेर संधाने' भी की। मात्र 31 साल की उम्र में स्मिता का निधन हुआ था। कल, 17 अक्तूबर को, स्मिता की 64वीं जयंती थी।**

हमारी याद आएगी

अभिनय की विधिवत शिक्षा लेकर फिल्मों में आए कलाकारों को शुरू में लगता है कि वे अपनी शर्तों पर फिल्मजगत में बदलाव ले आएंगे। मगर समय के साथ वे फिसल कर मुख्यधारा के सिनेमा में बहते देखे जाते हैं। नसीरुद्दीन शाह से लेकर ओम पुरी और शबाना आजमी सभी के साथ यही हुआ। स्मिता पाटील भी इससे बच नहीं पाई थीं। अपनी फिल्म 'नमक हलाल' के गाने 'आज रपट जाएं तो हमें न उठइयो...' की तरह वह अपने बनाए उसूलों से फिसलीं और फिर फिसलती चली गईं। जान-बूझकर, चिढ़कर। दो-तीन फिल्में साल में करने वाली स्मिता 10-12 फिल्में कर रही थीं, जिनमें कई बेसिर पैर की थीं और उनमें स्मिता के करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। हालांकि उन्होंने साथ-साथ छोटे बजट की फिल्में भी कीं।

पुणे के फिल्म और टीवी संस्थान से निकलीं स्मिता न तो पैसे और न ही नाम कमाने की चाह लेकर फिल्मों में आईं थी। वे दूरदर्शन पर समाचार वाचिका थीं, जिन्हें देख कर श्याम बेनेगल को लगा कि वह सिर्फ उन्हें ही खबरें सुना रही हों। बड़ी-बड़ी बोलती आंखों वाली स्मिता को उन्होंने 'चरणदास चोर' (1975) में मौका दिया। उसके बाद 'निशांत' और गुजरात के दूध उत्पादक किसानों से दो-दो रुपए लेकर बनाई गई 'मंथन' (1976) बनाई। स्मिता भी इन फिल्मों में काम कर खुश थीं। उनका लक्ष्य था छोटे बजट की सामाजिक सरोकारों वाली फिल्मों को आगे बढ़ाना। उन्होंने बड़े बजट की कई फिल्में ठुकराई थीं क्योंकि इन फिल्मों में करना उन्हें पसंद नहीं था।

कम बजट की 'सामना' (1974), 'चरणदास चोर', 'निशांत' (1975) 'मंथन' (1976), 'भूमिका' (1977), 'गमन' (1978), 'भवनी भवाई', 'आक्रोश', 'द नक्सलाइट', (1980), 'चक्र', 'सदगति' (1981) जैसी फिल्में स्मिता कर चुकी थीं। दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते। मगर जब समांतर फिल्में बनाने वाले निर्देशकों को स्टार और ब्रांड के चक्कर में फंसते देखा, तो खीजकर स्मिता ने अपने उसूल उठाकर ताक पर रख दिए और जो फिल्म सामने आई, वह साइन कर डाली।

इसकी शुरुआत हुई थी 1982 से (इस साल उनकी 11 फिल्में रिलीज हुईं थीं) जब दक्षिण के लेखक, निर्माता, निर्देशक श्रीधर ने उन्हें 'दिले नादां' (1982) का प्रस्ताव दिया। स्मिता की यह पहली कमर्शियल फिल्म थी जिसमें राजेश खन्ना, शत्रुघ्न सिन्हा, जया प्रदा जैसे स्टार थे।

हेमा मालिनी जब श्रीधर की एक फिल्म का ऑडीशन देने आईं थीं, तो उन्होंने उनसे कहा था कि वह कभी हीरोइन नहीं बन सकतीं। वक्त की बात है, बाद में श्रीधर को हेमा मालिनी को अपनी फिल्म 'गहरी चाल' में हीरोइन बनाना पड़ा।

हालांकि खुद श्रीधर भी रिजेक्ट किए जा चुके थे। उनकी पहली कहानी दक्षिण के नामी बैनर एवीएम ने ठुकरा दी थी। बाद में इसी एवीएम ने श्रीधर की लिखी पहली तमिल फिल्म 'रथ पसायम' हिंदी में 'भाई भाई' (1956, अशोक कुमार, किशोर कुमार) नाम से बनाई। 1961 की 'नजराना' (राज कपूर, वैजयंतीमाला) से खुद श्रीधर ने हिंदी फिल्में बनानी शुरू की थीं। उन्होंने 'दिल एक मंदिर'(1963), 'प्यार किए जा'(1966), 'गहरी चाल' (1973) जैसी फिल्में बनाईं। यह संयोग है कि स्मिता की पहली कमर्शियल फिल्म 'दिले नादां' (1982) श्रीधर की आखिरी हिंदी फिल्म थी।

# पाकिस्तानी एफ-16 ने भारतीय यात्री विमान को घेर लिया था

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

***काबुल*** जा रहे स्पाइसजेट के विमान को एक घंटे तक हवा में घेरे रखा

***डीजीसीए*** के अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट के आधार पर इसकी जानकारी दी

काबुल जा रहे एक भारतीय यात्री विमान को पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों ने 23 सितंबर को घेर लिया था। गुरुवार डीजीसीए के अधिकारियों ने इस मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि दो पाकिस्तानी एफ-16 विमान के पायलटों ने स्पाइसजेट के पायलट से उड़ान के दौरान ही पूछताछ की। उन्होंने पायलट से उड़ान की विस्तृत जानकारी मांगी और ऊंचाई घटाने निर्देश भी दिए। यात्रियों को इशारे कर विमान की खिड़कियां बंद करा दी थीं। बाद में स्थिति साफ होने पर पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने उस यात्री विमान को अफगानी वायु सीमा तक छोड़ा।

डीजीसीए अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि गफलत दूर होने के बाद भी पाकिस्तानी फाइटर प्लेन ने स्पाइसजेट को तब तक घेरे रखा, जब तक स्पाइसजेट के विमान ने पाकिस्तानी वायु सीमा को पार करके अफगानिस्तान की सीमा में प्रवेश नहीं कर लिया। काबुल में सुरक्षित उतरने के बाद वापसी में उड़ान करीब पांच घंटे लेट हुई।

स्पाइसजेट के विमान एसजी-21 ने 23 सितंबर को दिल्ली से काबुल के लिए उड़ान भरी थी। इसमें करीब 120 यात्री सवार थे। इस दौरान पाकिस्तानी वायु सीमा को भारत के लिए खुला रखा गया था। विमान के पायलट ने डीजीसीए अधिकारियों को बयान दिया है कि उसने पाकिस्तानी एफ-16 के पायलटों को बताया कि यह स्पाइसजेट है। यह भारतीय वाणिज्यिक उड़ान है, जिसमें यात्री सवार हैं। यह काबुल जा रहा है।

पाकिस्तानी लड़ाकू विमान के पायलटों ने स्पाइसजेट के पायलट को निर्देश देकर विमान की ऊंचाई घटाने और पायलट से उड़ान की विस्तृत जानकारी देने को कहा। दरअसल, हर उड़ान का एक कोड होता है। स्पाइसजेट का कोड 'एसजी' है। पाकिस्तानी एटीएस ने स्पाइस जेट को 'आइए' यानी इंडियन आर्मी या इंडियन एयरफोर्स समझ लिया।

# जरूरी हो तभी घरों से निकलें : सफर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर।

***वायु*** प्रदूषण के मद्देनजर महिलाओं व बुजुर्गों के लिए खास एहतियात बरतने का परामर्श

दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर गुरुवार को भी बेहद खराब बना रहा। बच्चों, गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गों के लिए खास एहतियात बरतने का परामर्श जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि बहुत जरूरी हो तभी घरों से निकलें व सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक दक्षिणी दिल्ली के वीआइपी इलाके में सीरीफोर्ट के पास भी आइक्यू का स्तर 306 मापा गया। आमतौर से हराभरा यह इलाका साफ माना जाता है, लेकिन यहां की हवा में भी मोटे धूलकणों की मात्रा दिन में कई बार खतरनाक स्तर को पार कर गई। जब हवा में पीएम 10 की मात्रा 400 के पार होकर 427-438 होते हुए 500 माईक्रोग्राम प्रतिघन मीटर पहुंच गई।

आनंद विहार में हवा में प्रदूषकों की औसत मात्रा (आइक्यू) का स्तर 304 मापा गया। यहां मोटे धूलकणों (पीएम10) का स्तर दिन में खतरनाक स्तर तक पहुंच गया था। 329 आइक्यू के साथ बवाना की भी हवा बेहद खतरनाक मापी गई। मोटे घूलकण यहां भी दिन में दो बार खतरनाक स्तर तक पहुंचे। 292 आइक्यू के साथ आयानगर में हवा खराब दर्जे की बनी रही। डीटीयू के पास आइक्यू का स्तर 322 रहा। जहां मोटे धूलकणों यानी पीएम 10 का स्तर दिन में 410 तक पहुंच गया। जहांगीरपुरी में आइक्यू का स्तर 304 रहा, जबकि मोटे धूलकणों की मात्रा यहां कम ही रही।

इसी तरह 276 आइक्यू के साथ आइटीओ थोड़ी बेहतर स्थिति में रहा, जहां मोटे धूलकण कम रहे। आमतौर से यहां वाहनों की भीड़ अधिक होने से प्रदूषण ज्यादा रहता है। मुंडका में मोटे धूलकणों की परत छाई रही। यहां आइक्यू भले 308 के आसपास रहा, लेकिन यहां मोटे धूलकण दिन में कई बार खतरनाक स्तरक के पार गया। एअरपोर्ट पर मोटे धूलकण दिन में खतरनाक स्तर 400 के पार तो गया, लेकिन फिर जल्दी ही इसमें गिरावट देखी गई। जिसके बाद आइक्यू का स्तर 241 मापा गया।

इसी तरह मथुरा रोड पर आइक्यू का स्तर तो 246 ही रहा, लेकिन हवा में महीन धूलकणों की मात्रा दिन में कई बार 300 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर को पार कर गई। नरेला में 318 आइक्यू के साथ हवा बेहद खराब दर्जे की बनी रही। महीन धूलकणों की मात्रा यहां पर दिन में कई बार साढ़े तीन सौ के करीब पहुंची। इसे देखते हुए सफर ने परामर्श जारी किया है। जिसमें कहा गया है दिल व फेफड़े के मरीज खास सावधानी बरतें। वे अपने साथ जरूरी दवाएं जरूर रखें।

**पंजाब नैशनल बैंक** **punjab national bank**
.......भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

रिकवरी विभाग, सर्किल कार्यालयः उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110025 फोनः 011-25744163
ई-मेलः condelrd@pnb.co.in

**आम जनता के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

जैसा कि वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने प्रत्येक ऋणधारक के समक्ष नीचे वर्णित विवरणों के अनुसार ऋणधारकों/गारन्टरों/मार्टगेजरों (यहां के बाद ऋणधारक के रूप में वर्णित) से बकाया राशि की वसूली के लिए मांग सूचना जारी किया था। पुनः वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों ने नीचे सूचीबद्ध ऋणधारकों को स्वीकृत ऋण/साख सुविधाओं के संदर्भ में प्रतिभूतियों के रूप में धारित नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसंपत्तियों को कब्जा कर लिया है। जैसा कि मांग सूचना के अनुसार ऋणधारकों से पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिभूत बकाए ऋण तथा वसूली, यदि बाद में कोई की गई हो, को घटाकर उस पर बैंक द्वारा वहन की गई लागतों एवं चार्जेज के साथ आगे के ब्याज की वसूली के लिए यह बिक्री सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। आम जनता को व्यक्तिगत रूप से या विधिवत अधिकृत एजेन्ट के माध्यम से बोली करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। पात्र संपत्ति के लिए बैंक बोली करने के लिए स्वतंत्र होगा।

**प्रतिभूति परिसंपत्तियों की बिक्री की अनुसूची**

| क्रम सं. | ऋणधारक का नाम एवं बैंक शाखा | मांग सूचना की तिथि एवं उसमें वर्णित राशि बकाया | मॉर्टगेजर (संपत्ति के स्वामी) के नाम के साथ सम्पत्ति का विवरण | कब्जा की स्थिति (भौतिक या सांकेतिक) | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) राशि रु. लाख में | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | खाता का विवरण जिसमें आरटीजीएस/एनईएफटी एवं आईएफएससी कोड के माध्यम से ईएमडी जमा की जाएगी | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय | बोली वृद्धि राशि (रुपए में) | प्राधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारी का नाम एवं संपर्क सं. | सरकारी बकाया देयता, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मै. एशियन कार्गो मूवर्स बीओः एमएसएमई पटपड़गंज, दिल्ली- 110092 | 2.7.2018 रु. 538.98 लाख | विपुल बंसल, पुत्र गणपति राय बंसल तथा श्रीमती हर्षिता बंसल, पत्नी विपुल बंसल के नाम में फ्रीहोल्ड डुप्लेक्स फ्लैट नं. 17 सी, दूसरा तल तथा तीसरा तल, सूर्य विहार, डुण्डाहेरा, गुड़गांव, हरियाणा- 122016, साइट का एरिया 2391 वर्ग फीट, कारपेट एरिया 2150 वर्ग फीट | भौतिक | रु. 144 लाख | रु. 14.40 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4904003171160, पीएनबी एमएसएमई पटपड़गंज, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0490400 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री काशिफ नेहाल बेग, एम.नं. 7897991900, बीओः एमएसएमई पड़पड़गंज, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम. नं. 8289026427), उप सर्किल प्रमुख पीएनबी, सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 2. | मै. एशियन कार्गो मूवर्स बीओः एमएसएमई पटपड़गंज, दिल्ली- 110092 | 2.7.2018 रु. 538.98 लाख | विपुल बंसल, पुत्र गणपति राय बंसल के नाम में फ्रीहोल्ड भू तल,, पीछे का भाग, (बिना छत के अधिकार के) प्लॉट नं. 54, ब्लॉक सी, विवेक विहार, दिल्ली- 110095, एरिया 750 वर्ग फीट (सुपर एरिया), 630 वर्ग फीट (कार्पेट एरिया) | भौतिक | रु. 113.00 लाख | रु. 11.30 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4904003171160, पीएनबी एमएसएमई पटपड़गंज, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0490400 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री काशिफ नेहाल बेग, एम.नं. 7897991900, बीओः एमएसएमई पड़पड़गंज, दिल्ली, नोडल अधिकारी, श्री आर.के. बंसल (एम. नं. 8289026427), उप सर्किल प्रमुख पीएनबी, सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 3. | मै. श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स (पी) लिमिटेड बी ओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 12.7.2017 रु. 539.15 लाख | श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स पी लि. के स्वामित्व में फ्री होल्ड शॉप नं. 17, भू तल (बिना छत के अधिकार के) प्लॉट नं. 86, खसरा नं. 97, 98 एवं 99, प्रकाश इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, उ.प्र.-201005 माप 10.03 वर्ग मी. | सांकेतिक | रु. 4.60 लाख | रु. 0.46 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408003171160, पीएनबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री चितरंजन चौधरी, एम. नं. 9425501156, बीओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 4. | मै. श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स (पी) लिमिटेड बी ओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 12.7.2017 रु. 539.15 लाख | कम्पनी के नाम में फ्री होल्ड शॉप नं.1 से 9, प्रथम तल (बिना छत के अधिकार के) प्लॉट नं. 86, खसरा नं. 97, 98 एवं 99, प्रकाश इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, उ.प्र.-201005 माप 1008 वर्ग फीट | सांकेतिक | रु. 22.50 लाख | रु. 2.25 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408003171160, पीएनबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री चितरंजन चौधरी, एम. नं. 9425501156, बीओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 5. | मै. श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स (पी) लिमिटेड बी ओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 12.7.2017 रु. 539.15 लाख | कम्पनी के नाम में फ्रीहोल्ड शॉप नं. 10, प्रथम तल (बिना छत के अधिकार के) प्लॉट नं. 86, खसरा नं. 97, 98 एवं 99, प्रकाश इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, उ.प्र.-201005 माप 10.03 वर्ग फीट | सांकेतिक | रु. 2.70 लाख | रु. 0.27 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408003171160, पीएनबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री चितरंजन चौधरी, एम. नं. 9425501156, बीओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 6. | मै. श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स (पी) लिमिटेड बी ओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 12.7.2017 रु. 539.15 लाख | कम्पनी के नाम में फ्रीहोल्ड शॉप नं. 11 से 17, प्रथम तल (बिना छत के अधिकार के) प्लॉट नं. 86, खसरा नं. 97, 98 एवं 99, प्रकाश इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, उ.प्र.-201005 माप 756 वर्ग फीट | सांकेतिक | रु. 16.20 लाख | रु. 1.62 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408003171160, पीएनबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री चितरंजन चौधरी, एम. नं. 9425501156, बीओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 7. | मै. श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स (पी) लिमिटेड बी ओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 12.7.2017 रु. 539.15 लाख | कम्पनी के नाम में फ्रीहोल्ड शॉप नं. 10, दूसरा तल (बिना छत के अधिकार के) प्लॉट नं. 86, खसरा नं. 97, 98 एवं 99, प्रकाश इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, उ.प्र.-201005 माप 10.03 वर्ग फीट | सांकेतिक | रु. 2.70 लाख | रु. 0.27 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408003171160, पीएनबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री चितरंजन चौधरी, एम. नं. 9425501156, बीओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 8. | मै. श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स (पी) लिमिटेड बी ओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 12.7.2017 रु. 539.15 लाख | श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स प्रा. लि. के स्वामित्व में फ्रीहोल्ड शॉप नं. 3 एवं 8, भू तल, 86 प्रकाश इंडस्ट्रियल एरिया साहिबाबाद (नया) उ.प्र.-201005, माप 10.03 वर्ग मी. | सांकेतिक | रु. 10.00 लाख | रु. 1.00 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408003171160, पीएनबी मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री चितरंजन चौधरी, एम. नं. 9425501156, बीओः मयूर विहार फेज-II, दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 9. | मै. केडीएस ग्रीन लैंड बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स (पी) लि. बी ओ.: एआरएमबी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 7.10.2015 रु. 629.34 लाख | पंडित रीअल्टर पी लि. के नाम में 16 ए/203, भू तल, सेक्टर 16 ए, वसुन्धरा, गाजियाबाद, उ.प्र.-201012, प्लॉट एरिया 312.58 वर्ग मी. तथा निर्मित एरिया 134.99 वर्ग मी. में फ्रीहोल्ड आवासीय मकान | सांकेतिक | रु. 75.00 लाख | रु. 7.50 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता नामः पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंद भांजा, एजीएम, एम. नं. 7044070801, बीओः एआरएमबी, मयूर विहार दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 10. | मै. केडीएम सर्विस प्रोवाइडर (पी) लि. बी ओ.: एआरएमबी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 | 3.7.2014 रु. 1073.62 लाख | ई-74, खसरा नं. 13/24, राजस्व ग्राम खिजराबाद, अब भारत नगर के नाम से विदित, तहसील डिफेन्स कॉलोनी, न्यू फ्रैंडस कॉलोनी, नई दिल्ली में प्लॉट माप 93 वर्ग यार्ड्स पर फ्रीहोल्ड आवासीय आईपी। | भौतिक | रु. 307 लाख | रु. 30.70 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 4408002100515419, खाता नामः पीएनबी एआरएमबी सरफैसी रिकवरी खाता आईएफएससी कोडः PUNB0440800 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000 | प्राधिकृत अधिकारीः श्री शिवानंद भांजा, एजीएम, एम. नं. 7044070801, बीओः एआरएमबी, मयूर विहार दिल्ली, नोडल अधिकारी श्री आर.के.बंसल (एम. नं. 8289026427 उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय उत्तर दिल्ली, 3 रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 11. | सिद्धांत इन्टरनेशनल (पी) लिमिटेड, बीओः सिविल लाइन्स, दिल्ली-110054 | 3.1.2017 1915.03 लाख | श्रीमती कविता गुप्ता के नाम में फ्री होल्ड आवासीय सम्पत्ति 4831/6, दूसरा तल, छत के अधिकार के साथ, डिप्टी गंज, सदर बाजार, दिल्ली-110006, एरिया-69 वर्ग यार्ड्स। | सांकेतिक | रु. 78.25 लाख | रु. 7.83 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक खाता नं. 0115003171160, खाता नामः "पीएनबी सिविल लाइन्स" आईएफएससी कोडः PUNB0011500 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000/- | प्राधिकृत अधिकारीः श्री राकेश निगम (मुख्य प्रबंधक) एम. नं. 83888377701/ 9453045241, बीओः सिविल लाइन्स, दिल्ली, नोडल अधिकारीः श्री आर.के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 12. | सिद्धांत इन्टरनेशनल (पी) लिमिटेड, बीओः सिविल लाइन्स, दिल्ली-110054 | 3.1.2017 1915.03 लाख | श्रीमती कविता गुप्ता के नाम में फ्री होल्ड आवासीय सम्पत्ति 4831/2, प्रथम तल, डिप्टी गंज, बिना छत के अधिकार के, सदर बाजार, दिल्ली-110006, कवर्ड एरिया-621.00 वर्ग फीट। | भौतिक | रु. 61.50 लाख | रु. 6.15 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक खाता नं. 0115003171160, खाता नामः "पीएनबी सिविल लाइन्स" आईएफएससी कोडः PUNB0011500 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000/- | प्राधिकृत अधिकारीः श्री राकेश निगम (मुख्य प्रबंधक) एम. नं. 83888377701/ 9453045241, बीओः सिविल लाइन्स, दिल्ली, नोडल अधिकारीः श्री आर.के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 13. | श्री हरि ओवरसीज प्रा. लि. बीओः सिविल लाइन्स, दिल्ली-110054 | 3.1.2017 518.12 लाख | दीपक गुप्ता, पुत्र सत्य प्रकाश गुप्ता के नाम में खाली प्लॉट नं. एस-4/51, चैतन्य विहार, फेज-2, ग्राम राजपुरा बांगड़, वृन्दावन, मथुरा, उ.प्र., माप 162 वर्ग मी. | भौतिक | रु. 18.50 लाख | रु. 1.85 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक खाता नं. 0115003171160, खाता नामः "पीएनबी सिविल लाइन्स" आईएफएससी कोडः PUNB0011500 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000/- | प्राधिकृत अधिकारीः श्री राकेश निगम (मुख्य प्रबंधक) एम. नं. 83888377701/ 9453045241, बीओः सिविल लाइन्स, दिल्ली, नोडल अधिकारीः श्री आर.के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 14. | मै. रिद्धि रोटोफ्लेक्स, बीओः गुजरावाला टाउन | 17.1.2018 रु. 70.68 लाख | आशा जैन एवं विपिन जैन के नाम में 186, खसरा नम्बर 214/2, सराई पीपल थैला, दिल्ली-110033, माप 253 वर्ग यार्ड्स | भौतिक | रु. 88.00 लाख | रु. 8.80 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक खाता नं. 1470002100037887 सरफैसी रिकवरी आईएफएससी कोडः PUNB0147000 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000/- | प्राधिकृत अधिकारीः श्रीमती इकबाल कौर, एम.न. 9968316607, बीओः गुजरावाला टाउन, दिल्ली नोडल अधिकारीः श्री आर.के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
| 15. | सीपी इंडस्ट्रीजः बीओ.: शालीमार बाग, दिल्ली-110088 | 9.1.2018 रु. 282.76 लाख | श्री विपिन गोयल के नाम में सी-6, लॉरेन्स इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110035, 3रा तल, माप 1375 वर्ग फीट में फ्री होल्ड निर्मित औद्योगिक सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। | भौतिक | रु. 48.00 लाख | रु. 4.80 लाख | 5.11.2019 | पंजाब नेशनल बैंक, खाता नं. 184002100028965, खाता नं. "पीएनबी शालीमार बाग सरफैसी रिकवरी खाता" आईएफएससी कोडः PUNB0418400 | 4.11.2019 को 2.30 अप. से 4.30 अप. | 8.11.2019 को 11.30 पूर्वा. से 12.30 अप. | रु. 25000/- | प्राधिकृत अधिकारीः डीडी सोनी (एजीएम) (एम नं. 8130694683) बीओः शालीमार बाग शाखा, नोडल अधिकारीः श्री आर.के. बंसल (एम. नं. 8289026427, उप सर्किल प्रमुख, पीएनबी सर्किल कार्यालय, उत्तर दिल्ली, 3रा तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली | ज्ञात नहीं |
